मेरे खाटू वाले बाबा तेरी दुनिया दीवानी हो गई

मेरे खाटू वाले बाबा तेरी दुनिया दीवानी हो गई,
हार कर जिस ने भी ली है तेरी शरण राह उसकी सुहानी हो गई
मेरे खाटू वाले बाबा तेरी दुनिया दीवानी हो गई,

हारे का तू ही सहारा सारे भगतो की आँखों का तारा,
तेरे चरणों से मिलता सब कुछ इसी है बस तेरा ही सहारा,
हाथ जिस का मेरे श्याम ने छु लिया समजो उसकी तो चांदी हो गई
मेरे खाटू वाले बाबा तेरी दुनिया दीवानी हो गई,

मतलब की इस दुनिया में कौन देता है किसको सहारा,
मेरे श्याम ने हाथ पकड़ के मेरा उजड़ा ये जीवन सवारा,
तेरी किरपा मेरे श्याम ऐसी हुई जैसे खुशियों की बारिश हो गई
मेरे खाटू वाले बाबा तेरी दुनिया दीवानी हो गई,

मैं तो हर घड़ी जाग ते सोते बाबा श्याम ही श्याम पुकारू,
तेरे चरणों की सेवा करके श्याम जीवन मैं अपना सहारु
नाम जब से मेरा श्याम तुमसे जुडा शान मेरी निराली हो गई
मेरे खाटू वाले बाबा तेरी दुनिया दीवानी हो गई,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20931/title/mere-khatu-vale-baba-teri-duniya-deewani-ho-gai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |